**दिनांक 16.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन का निर्माण कार्य से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

---

**उपस्थिति:-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय -सह-आवासीय भवन का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹30,74,17,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹20,54,59,000/-(मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1096(नि0) अनु0 दिनांक-13.07.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 20,47,09,101/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 23,59,14,156/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-05414(भ0) 25-26 प्रभात खबर समाचार पत्र में दिनांक-21.09.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 18.09.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 10.11.2025 / 12.11.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 20.11.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 21.11.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | -(1) राजेन्द्र पोद्दार इंजिकॉन प्रा0 लि0, तिरूपति मार्केट, कटिहार।<br>(2) मे0 एस0के0 टेकरीवाल, पथरगामा, गोड्डा, झारखंड।<br>(3) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई।<br>(4) रूंगटा मल्टीकॉन प्रा0 लि0, चुनिहारी टोला, भागलपुर।<br>(5) अरूण देव कुमार, महल पर, बिहार शरीफ।<br>(6) जेनेक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुर, न्यू दिल्ली। |

12 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>**

**<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>**

इस निविदा में चार निविदाकार में से एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक-15.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) राजेन्द्र पोद्दार इंजिकॉन प्रा0 लि0, तिरूपति मार्केट, कटिहार (2) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (3) रूंगटा मल्टीकॉन प्रा0 लि0, चुनिहारी टोला, भागलपुर (4) जेनेक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुर, न्यू दिल्ली को **सफल** एवं (4) मे0 एस0के0 टेकरीवाल, पथरगामा, गोड्डा, झारखंड (6) अरूण देव कुमार, महल पर, बिहार शरीफ को **असफल** घोषित किया गया था।

निविदाकार राजेन्द्र पोद्दार इंजिकॉन प्रा0 लि0, तिरूपति मार्केट, कटिहार का अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन के क्रम में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, डाल्टेनगंज के पत्रांक-13 दिनांक-05.01.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि इस प्रमंडल से उक्त कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत नही किया गया है। तदोपरांत दिनांक-06.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे सर्वसम्मति से निविदाकार (1) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (2) रूंगटा मल्टीकॉन प्रा0 लि0, चुनिहारी टोला, भागलपुर (3) जेनेक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुर, न्यू दिल्ली को **सफल** एवं (4) मे0 एस0के0 टेकरीवाल, पथरगामा, गोड्डा, झारखंड (5) अरूण देव कुमार, महल पर, बिहार शरीफ (6) राजेन्द्र पोद्दार इंजिकॉन प्रा0 लि0, तिरूपति मार्केट, कटिहार को असफल घोषित करते हुए, निविदाकार राजेन्द्र पोद्दार इंजिकॉन प्रा0 लि0, तिरूपति मार्केट, कटिहार को निविदा प्राप्त करने के लिए गलत कागजात समर्पित करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहृत समुचित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापित होने के उपरांत सही पाया गया है, तदोपरांत् वित्तीय बीड खोलकर कर अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भागलपुर के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | निविदा की राशि | उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से) | उद्धृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन लि0, जमुई बाजार, जमुई। | ₹23,59,14,156/- | 11.01 % कम | ₹ 20,99,40,007/- |
| 2 | रूंगटा मल्टीकॉन प्रा0 लि0, चुनिहारी टोला, भागलपुर | | 8.12 % कम | ₹ 21,67,57,927/- |
| 3 | जेनेक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुर, न्यू दिल्ली | | 4.55 % कम | ₹ 22,51,80,062/- |

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार ''बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई'' को परिमाण-विपत्र की दर से 11.01 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹20,99,40,007/- (बीस करोड़ निन्नानवे लाख चालीस हजार सात रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (द0) को प्राधिकृत करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन का निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-14.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| **(विकास कुमार पाण्डेय)** | **(मनोज कुमार सिंह)** | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)** | **(कुमार रवि)** |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह- विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-04-41/2025 2405 पटना/दिनांक 19/01/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.F.P-3/2026-53